Roll No. .................................... Total Pages: 16

# 1300

## B.Com. (Commerce) First Year EXAMINATION, 2019
## GENERAL HINDI
## सामान्य हिन्दी

Time: Three Hours

Maximum Marks: 100

### INSTRUCTIONS/ निर्देश

1. The test booklet contains total **100** questions. Each question carry **1** (one) mark.
   प्रश्नपत्र में कुल 100 प्रश्न हैं तथा प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।
2. Candidate shall be required to attempt all **100** questions.
   सभी 100 प्रश्न हल करने अनिवार्य है।
3. No negative marking.
   ऋणात्मक अंक देय नहीं है।
4. On receipt of test booklet, the candidate should immediately check it and ensure that it is complete in all respect. Discrepancy, if any, should be reported by the candidate to the invigilator within 10 minutes of receiving the test booklet.
   छात्र प्रश्न बुकलेट प्राप्त करते ही सबसे पहले उसके कुल पृष्ठ तथा प्रश्न संख्या जाँच कर ले, यदि प्रश्न पत्र में कोई त्रुटि अथवा कटा–फटा हो तो तुरन्त पर्यवेक्षक को सूचित करावें।
5. The answer sheet is in the form of **OMR** answer sheet. Candidates should blacken the circle corresponding to correct answer.
   छात्र को सभी प्रश्नों के उत्तर **OMR** शीट में देने हैं। छात्र को सही उत्तर के कॉलम को नीले/काले पेन से गहरा काला करना है।
6. While answering each question, candidate should blacken **OMR** properly with Blue or black ball pen as per instruction printed on the **OMR** sheet.
   छात्र को उत्तर देते समय **OMR** शीट पर दिये गये निर्देशों को ध्यान में रखते हुए नीले/काले पेन से ही कॉलम को काला करना है।
7. For each question only one circle should be blackened. If more than one circle is found marked, the question will be treated unattempted.
   छात्र को प्रत्येक प्रश्न का उत्तर एक कॉलम में ही काला कर देना है। यदि एक से अधिक काले गोले बनाये तो वह उत्तर नहीं पढ़ा जाएगा।
8. Candidate shall be required to deposit **OMR** answer sheet with the invigilator.
   छात्र को **OMR** शीट उत्तर देने के पश्चात् पर्यवेक्षक को जमा करानी अनिवार्य है।

1. हिन्दी भाषा की उत्पत्ति किस अपभ्रंश से मानी जाती है?

(A) मागधी (B) ब्राचड़

(C) शौरसेनी (D) खस

2. हिन्दी भाषा का प्रारम्भ कब से माना जाता है?

(A) 1500 ई. (B) 1400 ई.

(C) 1000 ई. (D) 500 ई.

3. हिन्दी की कितनी उपभाषाएं हैं?

(A) 5 (B) 4

(C) 3 (D) 2

4. निम्न में से कौन सा हिन्दी भाषी राज्य नहीं है?

(A) हरियाणा (B) राजस्थान

(C) बिहार (D) केरल

5. 14 सितम्बर को कौन–सा दिवस मनाया जाता है?

(A) बाल दिवस (B) हिन्दी दिवस

(C) महिला दिवस (D) संविधान दिवस

6. निम्न में से कौन सी पूर्वी हिन्दी की बोली नहीं है?

(A) अवधी (B) ब्रजभाषा

(C) बघेली (D) छत्तीसगढ़ी

7. पश्चिमी हिन्दी की कौन सी बोली है?

(A) बुन्देली (B) मगही

(C) मैथिली (D) भोजपुरी

**8.** बिहारी हिन्दी की कौन सी बोली है?

**(A)** खड़ीबोली **(B)** मगही

**(C)** अवधी **(D)** कन्नौजी

**9.** हिन्दी गद्य के चार प्रारम्भिक गद्य लेखकों में कौन नहीं हैं?

**(A)** सदल मिश्र **(B)** लल्लू लाल

**(C)** सदासुख लाल **(D)** बालकृष्ण भट्ट

**10.** संविधान की आठवीं अनुसूची में कुल कितनी भाषाएं हैं?

**(A)** 18 **(B)** 20

**(C)** 22 **(D)** 24

**11.** हिन्दी भाषा की लिपि कौन सी है?

**(A)** रोमन **(B)** देवनागरी

**(C)** ब्राह्मी **(D)** फारसी

**12.** देवनागरी लिपि का विकास किस लिपि से हुआ है?

**(A)** गुरुमुखी **(B)** फारसी

**(C)** सिन्धु **(D)** ब्राह्मी

**13.** निम्न में से सर्वाधिक वैज्ञानिक लिपि कौन सी है?

**(A)** गुरुमुखी **(B)** फारसी

**(C)** देवनागरी **(D)** रोमन

**14.** निम्न में से कौन सी देवनागरी लिपि की विशेषता नहीं है?

**(A)** अक्षरात्मक **(B)** ध्वन्यात्मक

**(C)** वैज्ञानिक **(D)** वर्णनात्मक

15. देवनागरी लिपि की विशेषता है–

(A) यह वैज्ञानिक लिपि है
(B) उच्चारण व लेखन में एकरूपता
(C) मूक वर्णों का विधान नहीं
(D) उपर्युक्त सभी

16. हिन्दी वर्णमाला में कितने वर्ण हैं?

(A) 50
(B) 52
(C) 53
(D) 54

17. 'क्ष' व्यंजन किन दो वर्णों के योग से बना हैं–

(A) क् + श
(B) क् + ष
(C) क् + स
(D) क् + छ

18. निम्न में से कौन सा व्यंजन महाप्राण है?

(A) क
(B) ग
(C) ख
(D) त

19. 'ट' वर्ण का उच्चारण स्थान क्या है?

(A) ओष्ट
(B) मूर्द्धा
(C) तालु
(D) दन्त

20. 'प' वर्ण की ध्वनियाँ किस वर्ग में आएंगी?

(A) कंठ्य
(B) दन्त्य
(C) मूर्धन्य
(D) ओष्ट्य

**21.** 'अटारी' किस शब्द का तद्भव है?

(A) अटा (B) अटवी

(C) अट्टालिका (D) अटावी

**22.** 'सांकल' का तत्सम शब्द होगा–

(A) श्रृंखला (B) जंजीर

(C) संध्या (D) इनमें से कोई नहीं

**23.** निम्न में से देशज शब्द है–

(A) राजा (B) बालक

(C) तेन्दुआ (D) घोड़ा

**24.** 'आठ' शब्द का तत्सम क्या होगा?

(A) अठ (B) अक्ष

(C) अष्ठ (D) अष्ट

**25.** 'चाय' किस भाषा का शब्द है?

(A) अरबी (B) चीनी

(C) हिन्दी (D) पुर्तगाली

**26.** 'साधु' शब्द का स्त्रीलिंग क्या होगा?

(A) साधुनी (B) साधवी

(C) साध्वी (D) इनमें से कोई नहीं

**27.** इनमें से किस शब्द का प्रयोग हमेशा बहुवचन में होता है?

(A) कायर (B) दर्शन

(C) वीर (D) शाखा

28. संज्ञा व सर्वनाम की विशेषता बतलाने वाले शब्दों को कहा जाता है–

(A) कारक (B) क्रिया

(C) निपात (D) विशेषण

29. क्रिया के मूल रूप को कहा जाता है–

(A) धातु (B) कारक

(C) संज्ञा (D) सर्वनाम

30. कौन सा शब्द भाववाचक संज्ञा नहीं है?

(A) शत्रुता (B) मानवता

(C) सज्जनता (D) नर

31. जो शब्द क्रिया की विशेषता बताते हैं, उन्हें कहते हैं–

(A) क्रिया विशेषण (B) कारक वाचक

(C) परिणाम वाचक (D) सम्बोधन वाचक

32. विस्मायादिबोधक अव्यय नहीं है–

(A) हर्ष (B) शोक

(C) तथा (D) घृणा

33. निम्न में से विशेषण है–

(A) थोड़ा (B) भलाई

(C) स्वयं (D) मिठास

34. तुलनाबोधक अव्यय नहीं है–

(A) उतना (B) कम

(C) इतना (D) प्रतिदिन

35. ऐसे शब्द जिनमें लिंग, वचन, कारक, पुरुष आदि के कारण कोई विकार नहीं आता, उन्हें क्या कहते हैं?

(A) विकारी
(B) अविकारी
(C) संज्ञा
(D) सर्वनाम

36. संस्कृत सन्धियों के कितने प्रकार हैं?

(A) दो
(B) तीन
(C) चार
(D) पाँच

37. 'सु' + 'आगत' में कौन सी सन्धि है?

(A) दीर्घ सन्धि
(B) वृद्धि सन्धि
(C) यण संधि
(D) गुण सन्धि

38. हिन्दी में समास के कितने भेद माने गए हैं?

(A) चार
(B) पाँच
(C) छह
(D) सात

39. 'अध्यक्ष' में कौन सा उपसर्ग है?

(A) अ
(B) अद्य
(C) अदि
(D) अधि

40. 'वीरता' शब्द में कौन सा प्रत्यय है?

(A) ता
(B) वी
(C) वीर
(D) रता

**41.** रचना के आधार पर वाक्य के कितने भेद माने जाते हैं?

(A) तीन (B) चार

(C) पाँच (D) सात

**42.** 'वह घर गया और पढ़ने लगा।' किस प्रकार का वाक्य है?

(A) सरल वाक्य (B) मिश्र वाक्य

(C) संयुक्त वाक्य (D) इनमें से कोई नहीं

**43.** 'रावण मारा गया।' में कौन सा वाच्य हैं?

(A) कर्तृवाच्य (B) कर्मवाच्य

(C) भाववाच्य (D) इनमें से कोई नहीं

**44.** 'मुझसे चला नहीं जाता।' कौन सा वाच्य है?

(A) कर्तृवाच्य (B) कर्मवाच्य

(C) भाववाच्य (D) इनमें से कोई नहीं

**45.** जिस वाक्य में केवल एक क्रिया होती है, उसे कहते हैं–

(A) सरल वाक्य (B) मिश्र वाक्य

(C) संयुक्त वाक्य (D) इनमें से कोई नहीं

**46.** 'पार्थ' किसका पर्यायवाची है?

(A) कृष्ण (B) अर्जुन

(C) भीम (D) शिव

**47.** 'निन्दा' का विलोम क्या होगा?

(A) हर्ष (B) भलाई

(C) परनिन्दा (D) स्तुति

48. किसी की उन्नति को देखकर जलने का भाव होना, क्या कहते हैं?

(A) द्वेष (B) मोह

(C) ईर्ष्या (D) अहंकार

49. जिसे वाणी से व्यक्त न किया जा सके–

(A) गूंगा (B) वचनीय

(C) अनिर्वचनीय (D) अकथनीय

50. 'भट–भाट' का सही अर्थ है–

(A) चारण–योद्धा (B) योद्धा–चारण

(C) कवि–राजा (D) राजा–कवि

51. निम्न में से कौप सा शुद्ध वाक्य है?

(A) एक–एक करके सभी चल बसे। (B) उसने मुक्त हस्त से धन लुटाया।

(C) मैं पूरी तरह आप पर निर्भर करता हूँ। (D) मुझे आवश्यक कार्य हैं।

52. 'हाथ का मैल होना' का अर्थ क्या है?

(A) मैला होना (B) तुच्छ होना

(C) कीमती होना (D) इनमें से कोई नहीं

53. 'चिकना घड़ा होना' का तात्पर्य क्या है?

(A) चिकना होना (B) समृद्ध होना

(C) निर्लज्ज होना (D) भ्रमहीन होना

54. 'धमकाना' किस मुहावरे का अर्थ है?

(A) आँखें दिखाना
(B) आँखें मारना
(C) आँख खोलना
(D) आँखें बिछाना

55. 'पीठ में छुरा भोंकना' का सही अर्थ है–

(A) मार डालना
(B) पीछे से मारना
(C) कपटी मित्र
(D) धोखा देना

56. 'मुँह में पानी आना' का सही अर्थ क्या है?

(A) स्वादिष्ट होना
(B) पीछे से मारना
(C) प्यास लगना
(D) ललचाना

57. वे पत्र जो एक सरकारी अधिकारी द्वारा दूसरे अधिकारी को व्यक्तिगत स्तर पर सरकारी कामकाज को गति प्रदान करने हेतु लिखे जाते हैं, क्या कहलाते हैं?

(A) अर्द्धशासकीय पत्र
(B) शिकायत पत्र
(C) निविदा
(D) विज्ञप्ति

58. अनुस्मारक को कहा जाता है–

(A) शिकायत पत्र
(B) स्मरण पत्र
(C) निविदा
(D) शासकीय पत्र

59. CIRCULAR को हिन्दी में कहा जाता है–

(A) निविदा
(B) विज्ञप्ति
(C) परिपत्र
(D) ज्ञापन

60. TENDER को हिन्दी में कहा जाता है–

(A) विज्ञापन (B) परिपत्र

(C) ज्ञापन (D) निविदा सूचना

61. किसी की मृत्यु होने पर दुख प्रकट करने हेतु लिखा जाने वाला पत्र कहलाता है–

(A) बधाई पत्र (B) शोक संवेदना

(C) निमंत्रण पत्र (D) ज्ञापन

62. व्यापारिक पत्रों को कहा जाता है–

(A) व्यावसायिक पत्र (B) ज्ञापन

(C) विज्ञप्ति (D) निविदा

63. शासकीय पत्र किस शैली में लिखे जाते हैं?

(A) प्रथम पुरुष (B) मध्यम पुरुष

(C) उत्तम पुरुष (D) अन्य पुरुष

64. निम्न में से कौन सा कार्यालयी प्रारूप नहीं है?

(A) सरकारी पत्र (B) आवेदन पत्र

(C) कार्यालय आदेश (D) अनुस्मारक पत्र

65. योग्यता को अंग्रेजी में कहा जाता है–

(A) ABATE (B) ABUSE

(C) ABILITY (D) ACCUSE

66. NOTICE को कहा जाता है–

(A) सूचना (B) अधिसूचना

(C) आपत्ति (D) शपथ

**67.** ARTICLE को हिन्दी में कहा जाता है–

(A) परिसम्पत्ति (B) सलंग्न

(C) अनुच्छेद (D) नियुक्ति

**68.** VICE-CHANCELLOR को हिन्दी में कहा जाता है–

(A) परीक्षा नियन्त्रक (B) उपाध्यक्ष

(C) कुलपति (D) कुलसचिव

**69.** COLLECTOR को हिन्दी में कहा जाता है–

(A) जिला प्रमुख (B) जिलाधीश

(C) जिलाध्यक्ष (D) विधायक

**70.** प्रस्थान करना, को कहा जाता है–

(A) DEPART (B) DESIGN

(C) DISPATCH (D) DENOVO

**71.** कार्यसूची को कहा जाता है–

(A) AGREE (B) ADMIT

(C) AGITATION (D) AGENDA

**72.** अभिनेता को कहा जाता है–

(A) CHIEF (B) SECTION

(C) FILM (D) ACTOR

**73.** BALLOT का अभिप्राय है–

(A) शपथ–पत्र (B) मतपत्र

(C) मुहर पत्र (D) अधिकार पत्र

**74.** UNIT को हिन्दी में कहा जाता है–

(A) परीक्षा (B) तकनीक

(C) इकाई (D) अधीन

**75.** ADVOCATE का हिन्दी अनुवाद होगा–

(A) न्यायाधीश (B) पेशकार

(C) पेशीकरता (D) अधिवक्ता

**76.** कम्प्यूटर का उपयोग किया जा सकता है–

(A) सुपर बाजारों में (B) राजकीय कार्यालयों में

(C) शोध संस्थाओं में (D) उपर्युक्त सभी स्थानों में

**77.** कम्प्यूटर को हिन्दी में कहा जाता है–

(A) लघुगणक (B) संगणक

(C) गणनक (D) सभी

**78.** अक्षरों को गहरा काला करना कम्प्यूटर में कहलाता है–

(A) इटैलिक (B) कृतिदेव

(C) बोल्ड (D) अंडरलाईन

**79.** इन्टरनेट को कहा जाता है–

(A) नेटवर्कों का नेटवर्क (B) नेटवर्क में नेटवर्क

(C) वर्ल्ड नेटवर्क (D) देशी नेटवर्क

**80.** इन्टरनेट पर उपलब्ध समस्त सामग्री संग्रहीत रहती है–

(A) सर्वर (B) टेलीफोन

(C) सेटेलाईट पर (D) होस्ट कम्प्यूटर पर

**81.** वह साधन जिसके द्वारा कम्प्यूटर विश्वभर में संदेश एवं सूचनाओं का आदान–प्रदान कर सकता है–

**(A)** कॉन्फ्रेंस **(B)** इंटरनेट

**(C)** ईथरनेट **(D)** टेलीफैक्स

**82.** e-mail का अर्थ है–

**(A)** EMERGENCY MAIL **(B)** EFFECTIVE MAIL

**(C)** ELECTRONIC MAIL **(D)** EFFICIENT MAIL

**83.** कम्प्यूटर का जनक कहा जाता हैं–

**(A)** पास्कल **(B)** डार्विन

**(C)** चार्ल्स बैबेज **(D)** एडा लवलेस

**84.** किस पीढ़ी के कम्प्यूटरों का आकार सबसे बड़ा था?

**(A)** प्रथम **(B)** द्वितीय

**(C)** तृतीय **(D)** चतुर्थ

**85.** विकिपीडिया क्या है?

**(A)** विश्वकोश **(B)** अंग्रेजी विश्वकोश

**(C)** बहुभाषी विश्वकोश **(D)** इनमें से कोई नहीं

**86.** विकिपीडिया का शाब्दिक अर्थ है–

**(A)** जिज्ञासा **(B)** जल्दी संयोजन

**(C)** जानकारी **(D)** सूचना

87. निम्न में से आउटपुट उपकरण है–

(A) मॉनिटर
(B) माउस
(C) सीपीयू
(D) इनमें से कोई नहीं

88. भाषा के शब्दों का अर्थ एवं विवरण जिसमें होता है, कहलाता है–

(A) कोष
(B) कोश
(C) कोस
(D) कोख

89. ब्लॉग प्रकाशन के लिए आवश्यक है–

(A) इन्टरनेट सम्बन्ध
(B) रजिस्ट्रेशन
(C) ब्लागिंग वेबसाइट
(D) उपरोक्त सभी

90. ब्लॉग प्रकाशन में होता है–

(A) चित्रीय प्रकाशन
(B) शाब्दिक प्रकाशन
(C) (अ) व (ब) दोनों
(D) इनमें से कोई नहीं

91. आदर्श ब्लॉग प्रकाशन में होता है–

(A) असीमित शब्द संख्या
(B) शब्दों की संख्या सीमित
(C) चित्र व शब्दों की संख्या सीमित
(D) इनमें से कोई नहीं

92. ब्लॉग प्रकाशन के विषय होते हैं–

(A) सामाजिक
(B) आर्थिक
(C) तकनीकी
(D) उपर्युक्त सभी

93. समान्तर कोश में शब्दों को नहीं किया जाता है–

(A) शब्दसूची
(B) पारिभाषित
(C) पर्याय
(D) परिचय

94. हिन्दी का पहला समान्तर कोश बनाने का श्रेय है–

(A) चाणक्य (B) चन्द्रगुप्त

(C) अरविन्द कुमार एवं कुसुम कुमार (D) इनमें से कोई नहीं

95. तकनीकी कोश का प्रयोग होता है–

(A) सामान्य कोश में (B) समान्तर कोश में

(C) तकनीकी शब्दावली हेतु (D) इनमें से कोई नहीं

96. एक अच्छी फिल्म समीक्षा वो है, जो–

(A) मनोरंजन करें (B) समझाए

(C) जानकारी दें (D) उपरोक्त सभी

97. फिल्म समीक्षा में एक लेखक के पास क्या नहीं होता है?

(A) अपनी राय (B) उल्टा पिरामिड

(C) अपना दृष्टिकोण (D) अपनी भावनाएं

98. समीक्षा का अर्थ होता है–

(A) अच्छी तरह से जाँच परख (B) सम्यक अर्थ से ज्ञान प्राप्त

(C) तत्व विवेचन (D) उपरोक्त सभी

99. पुस्तक समीक्षा को इस रूप में भी ग्रहण किया जाता है–

(A) समालोचना (B) विश्लेषण

(C) विवेचन (D) वर्णनात्मक

100. फिल्म समीक्षा में इनमें से नहीं होता है–

(A) कथानक (B) पात्र

(C) साक्षात्कार (D) संगीत

---------------------------------------